हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री



12 दानवीर भामाशाह चौक स्थित शराब दुकान ...





14 रंगमंच बनेगा समाज की आत्मा को जोड़ने ...






## खबर संक्षेप

### बृजमोहन अग्रवाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**लिमतरा।** ग्राम तरेगा में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने आए सांसद महोदय का बृजमोहन अग्रवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिमतरा चौक भव्य स्वागत किया, कार्यकर्ताओं को बच्चों में खेलो के प्रती प्रेरित करने की अपील की तथा सांसद खेल महोत्सव आयोजित करने का सुझाव दिया, इस अवसर पर ग्राम सरपंच प्रतिनिधि मुरली शर्मा ने ग्राम विकास के लिए सूची सौंपी जिसको पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल, प्रमोद गोस्वामी, महावीर चौहान, अमरदास कुर्रे, रोशन गिरी, खिलेश्वर साहू, राजेंद्र कुर्रे, अनिल बघेल, लेखु डहरे, सरपंच दौलत साहू, मनीष टंडन, योगेश टंडन, सतीष टंडन, रवि टंडन, तोषण टंडन, नीरज गोस्वामी, आदि सैकड़ों कारकर्ताओ ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### दीपावली 21 को

**महासमुंद।** श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ने इस माह के पर्वों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दीपावली महालक्ष्मी पूजन 21 अक्टूबर, गोवर्धन पूजन (अन्नकूट) 22 को और 23 को भाई दूज मनाया जाएगा।

### कार्रवाई : सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपी हुए गिरफ्तार

# युवक से मारपीट व लूट मामले में 6 आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम सूरजपुरा गेट के पास डकैती की घटना को अंजाम देने वाले 01 अपचारी बालक सहित 06 आरोपियों को ग्रामीण थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया व उनसे नगदी रकम 1500 व मोटरसाइकिल जप्त किया

- लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद
- घटना से इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंता, पुलिस सतर्क

टी.आई.लखेश केंवट ने बताया01 अक्टूबर को प्रार्थी रविशंकर वर्मा निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि जिला सहकारी बैंक निपनिया में रात्रि ड्यूटी कर अपनी मोटरसाइकिल क्र. सीजी 22 एसी 7075 से सुबह 05:00 वापस अपने घर आ रहा था। सूरजपुरा गेट के पास 02 मोटरसाइकिल में आरोपी आए तथा प्रार्थी को रोक कर अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं बेल्ट से मारपीट किए। साथ ही आरोपियों द्वारा प्रार्थी की मोटरसाइकिल एवं उसकी जेब में रखे रु 1500 को लूट कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस विवेचना शुरू की घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया एवं प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ एवं उसके द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर प्रकरण में संलिप्त 01 अपचारी बालक सहित 06 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट कर, उसकी मोटरसाइकिल एवं नगदी रकम लूटकर डकैती ▶▶ शेष पेज 12 पर



# अटल परिसर सहित करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद अंतर्गत अटल परिसर एवं शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय ऑडिटोरियम के लोकार्पण के साथ कुल 7 करोड़ 50 लाख की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह आज भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

- नगर पालिका परिषद के तहत प्रमुख विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन आज

इस शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा उनके करकमलों से लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजमोहन अग्रवाल (सांसद, रायपुर लोकसभा) द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में निम्न गणमान्यजन की उपस्थिति रहेगी: टंकाराम वर्मा (मंत्री, राज्य एवं उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन), गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा) शिवरतन शर्मा, (वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़) सनम जांगड़े (प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, भाजपा), आनंद यादव (जिला अध्यक्ष, भाजपा) कार्यक्रम का शुभारंभ बाईक रैली के साथ होगा, जिसमें युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई अटल परिसर में लोकार्पण करने के उपरांत, रामलीला मैदान कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। जहा करोडो के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न होगा।

नगर क्षेत्र में होने वाले यह विकास कार्य नगरवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगे। इनमें सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सार्वजनिक भवन आदि से संबंधित कार्य सम्मिलित हैं।

यह आयोजन नगरवासियों की अपेक्षाओं को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, ▶▶ शेष पेज 12 पर

# नहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम पंचायत मटिया में बीते मंगलवार को मटिया निवासी इतवारी चेलक पिता हरिराम चेलक 65 वर्ष जोंक नहर माईनर में नहाने के दौरान पैर फिसला गया था। नहर के तेज बहाव से आगे निकल गया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन पानी की तेजगति के चलते असफल रहा। ग्रामीणों ने आनन-फानन में घटना की जानकारी परिजनों को दिया गया और देर-रात तक पतासाजी में लगे हुए थे। घटना की जानकारी गिरौदपुरी पुलिस चौकी में दिया गया। दुसरे दिन बुधवार को जोंक नहर माईनर में खोजबीन के दौरान घटना स्थल से एक किलोमीटर की दूरी बुजुर्ग मृतक इतवारी चेलक की शव बरामद किया गया। शव की पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इधर इस बड़ी दुखत घटना से गांव में शोक की लहर छाया हुआ है। मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई हैं।



# ट्रक पलटा, चालक घायल, बड़ा हदसा टला

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** क्षेत्र में स्थापित अनेकों अंतर्राष्ट्रीय सीमेंट उद्योगों के कारण यहां 24 चौबीस घंटे कैप्सूल सहित 16 से 18 चक्कों के अनेकों अनगिनत भारी वाहनों के आवागमन होने और क्षमता से अधिक ओव्हर लोडेड भारी वाहनों के आवागमन से मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गयी है। जिसके वजह से आज ग्राम पंचायत सेम्हराडीह मेन ▶▶ शेष पेज 12 पर



# आबकारी विभाग की कार्रवाई, 18 बल्क लीटर शराब एवं एक स्कूटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार वृत्त ग्राम जुड़ा थाना लवन में आबकारी विभाग की टीम द्वारा गुरुवार को आरोपी जतिन कुमार घृतलहरे पिता धनेश्वर उम्र 18 वर्ष साकिन जुड़ा थाना लवन के दो पहिया वाहन स्कूटी में परिवहन करते 18 बल्क लीटर नॉन ड्यूी पेड विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की एवं एक स्कूटी को जब्त किया गया। विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की का बाजार मूल्य 12,000 रुपये एवं दो पहिया स्कूटी का बाजार मूल्य 35,000 रुपये होना पाया।

आरोपी जतिन कुमार घृतलहरे पिता धनेश्वर उम्र 18 वर्ष साकिन जुड़ा थाना लवन के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) एवं 36 प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






## खबर संक्षेप



### सामाजिक अंकेक्षण डाटा एंट्री कार्य जोर-शोर से जारी

**खरोरा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत प्रदेशभर के समस्त विद्यालयों में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम के उपरांत अब उसके डाटा का ऑनलाइन अद्यतन कार्य विकासखंड कार्यालय तिल्दा में तीव्र गति से किया जा रहा है। विद्यालयों से प्राप्त समस्त अभिलेखों और प्रतिवेदनों को संकलित कर पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और शिक्षा गुणवत्ता सुधार के उद्देश्यों को सशक्त बनाया जा सके। इस कार्य में सामाजिक अंकेक्षण डाटा एंट्री ऑपरेटर कौशल वर्मा, कमलेश वर्मा, गिरवर सोनी, तुलसी राम साहू और सतीष साहू अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सभी ऑपरेटर अपने-अपने संकुलों से प्राप्त आंकड़ों को सटीकता और जिम्मेदारी के साथ ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। सामाजिक अंकेक्षण की इस ऑनलाइन प्रक्रिया में विकासखंड स्तर पर शिक्षकों और अधिकारियों की टीम भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है। सभी संकुल केंद्रों से प्राप्त डाटा का मिलान एवं सत्यापन कार्य निरंतर जारी है। उक्त जानकारी संकुल मीडिया प्रभारी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के द्वारा दी गई।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने 5 प्रतिशत महंगाई राहत भुगतान देने की मांग की

**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष पीके हिरवानी ने छत्तीसगढ़ शासन से छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों को विगत जनवरी 2025 से दो प्रतिशत महंगाई राहत



डीआर एवं जुलाई 2025 से तीन प्रतिशत महंगाई राहत दोनों किस्त मिलाकर कुल पांच प्रतिशत बकाया राशि के साथ दीपावली पूर्व भुगतान हेतु आदेश जारी करने की मांग की है। राज्य के पेंशनर्स केंद्र के पेंशनरों से आज की स्थिति में 5 प्रतिशत महंगाई राहत में पीछे चल रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2025 को कैबिनेट में तीन प्रतिशत डीए डीआर बढ़ाने की घोषणा के बाद अधिकांश राज्य सरकारे जैसे बिहार राजस्थान आदि ने अपने आदेश जारी कर दिए हैं किंतु छत्तीसगढ़ सरकार की चुप्पी पेंशनरों के बीच बड़ी निराशा और असंतोष कारण बन रही है।

# मनोविकास केंद्र के 5 छात्रों का पर्पल फेस्ट 2025 के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के 5 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए हुआ है। यह आयोजन 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा में किया जा रहा है। फेस्ट में हिस्सा लेने गोवा रवाना होने से पहले गुरुवार को कलेक्टर से चयनित बच्चों ने मुलाकात की। कलेक्टर ने मनोविकास केंद्र के बच्चों का फेस्ट के लिए चयन होने पर जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्हें शुभकामनायें दी।

मनोविकास केन्द्र के नोडल अधिकारी ने बताया कि केंद्र के छात्र कुलदीप निर्मलकर, तुषार सेन पुष्कर कुमार साहू, लोकेश कुमार वर्मा एवं किशन यादव का चयन पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए हुआ है। इनके साथ योग शिक्षक ललित कुमार साहू तथा केन्द्र प्रमुख दुर्गा शंकर पटनायक भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।चयनित विद्यार्थी मनोविकास केन्द्र एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 मिनट का योग प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे जो दिव्यांगजनों की क्षमताओं और समावेशन की भावना को उजागर करेगा। यह भागीदारी मनोविकास पहल और जिला प्रशासन के लिए गर्व का क्षण होगा तथा इन विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अनुभव प्रदान करेगी।पर्पल फेस्ट 2025 को दिव्यांगजनों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सशक्तिकरण के एक जीवंत उत्सव के रूप में देखा जा रहा है।

### सशक्तिकरण को बढ़ावा देना

यह आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग,गोवा सरकार के राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं संयुक्त राष्ट्र भारत के सहयोग से किया जा रहा है।पर्पल फेस्ट का उद्देश्य दिव्यांगजनों के समावेशन, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव समाज में जागरूकता फैलाने, उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करता है जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा और समान अवसरों के साथ जीवन जीने का अधिकार हो।

### मनोविकास केंद्र बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव का अवसर देता है



### सीएसआर मद से मनोविकास केंद्रों का संचालन

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन द्वारा बलौदाबाजार में सीएसआर मद से मनोविकास केंद्र संचालित किया जा रहा है। इस केंद्र में 45 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। यह केंद्र जनवरी 2025 से शुरू हुआ है और अल्प समय मे ही बेहतर परिणाम सामने आने लगा है। विशेष शिक्षा, थेरेपी सेवाएं व्यावसायिक प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक परामर्श और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाता है।

## बालक व बालिका प्राथमिक शाला, हायर सेकेंडरी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र के

# दानवीर भामाशाह चौक स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा दानवीर भामाशाह चौक पर संचालित प्रीमियम शराब दुकान को शीघ्र अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग जिला प्रशासन से की गई है। समाज ने इस संबंध में एस.डी.एम. (राजस्व), पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उक्त दुकान समाज के आराध्य दानवीर भामाशाह जी की प्रतिमा के समीप स्थित है, जहाँ प्रतिदिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक स्थल के पास शराब दुकान का संचालन अत्यंत आपत्तिजनक है।

इसके अतिरिक्त समाज ने यह भी बताया कि उसी क्षेत्र में हनुमान मंदिर, प्राचीन महामाया मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थल एवं सार्वजनिक बैंक व कार्यालय, शहर का एक मात्र सिटी सेंटर मॉल हैं। जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिकों का आना-जाना होता है। ऐसे में प्रीमियम शराब दुकान का संचालन सामाजिक व धार्मिक दृष्टि से अनुचित है।

नगर साहू समाज ने प्रशासन से मांग की है कि भामाशाह चौक की गरिमा को बनाए रखने हेतु उक्त प्रीमियम शराब दुकान को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारीगण राजेश साहू, तिलक साहू, जीत नारायण साव, मनहरण साहू, लुकु साहू, वीणा साहू, नीरादेवी साहू, प्रमिला साहू, कल्याणी साहू, मुकेश साहू, नभ नारायण साहू, पिलाराम साहू, पार्षद मुखर्जी वार्ड गेन्दू साव, पार्षद सुभाष वार्ड संध्या साहू, नयापारा वार्ड पार्षद सतीश साहू, पार्षद प्रतिनिधि लिकेश साहू, पेमिन साहू, कमला साहू, यामिनी साहू, राजेश्वरी साहू, प्रेम साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



### बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है

समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि उक्त दुकान के निकट ही कई शिक्षण संस्थान बालक व बालिका प्राथमिक शाला, हायर सेकेंडरी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जहाँ बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। शराब दुकान के कारण इन बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

# नानक दरबार में गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



सिख धर्म के चौथे गुरु धन धन श्री गुरु रामदास का प्रकाश पर्व सिमगा नगर स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह के दीवान में कीर्तन एवं गुरु विचार के दौरान ज्ञानी हरि सिंह बेदी ने गुरु रामदास जी के जीवन, शिक्षाओं और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संध्या के दीवान में रहिरास साहिब पाठ एवं आरती के उपरांत स्त्री सत्संग सभा की ओर से परमजीत कौर, रविंद्र कौर, शिल्पी भाटिया, सिमरन सलूजा, मिन्नी भाटिया और रीत कौर ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर गुरु साहिब के उपदेशों को स्मरण किया।इस अवसर पर शिल्पी भाटिया ने गुरु विचार करते हुए कहा कि गुरु रामदास सिख धर्म में सेवा, नम्रता और प्रेम के प्रतीक हैं। उन्होंने मानवता को "नाम जपो, किरत करो और वंड छको" के सिद्धांत पर चलने की प्रेरणा दी। गुरु जी ने समाज में जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने अमृतसर शहर की स्थापना कर हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) का निर्माण प्रारंभ कराया जो आज पूरी दुनिया में सिख आस्था और भाईचारे का केंद्र है। गुरु जी की वाणी गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित है, जो हर युग में इंसान को सच्चाई, सेवा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। दीवान की समाप्ति के पश्चात लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

- गुरु की वाणी गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित, जो इंसान को सच्चाई, सेवा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है

# गिरौदपुरी में मनाया दशहरा उत्सव जनपद अध्यक्ष पैकरा हुई शामिल



**गिधौरी** । परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जन्म भूमि एवं कर्मभूमि गिरौधपुरी में भव्य दशहरा उत्सव का कार्यक्रम 7अक्टुबर को जनपद अध्यक्ष कसडोल कुसुम लता पैकरा के मुख्यतिथि मे सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम में फुलझड़ी लोक कला मंच के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति हुई । इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राजाराम पटेल, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जानकुंवर, कौशलेश मिरी सभापति जनपद पंचायत कसडोल, राम कुमार टंडन जनपद सदस्य कसडोल, रामकुमार मिरी सदस्य मेला कमेटी गिरौदपुरी, पुनीराम पटेल, विजय शास्त्री, नामदेव पटेल, जवाहर पटेल वरिष्ठ कांग्रेसी, वंश राम कुर्रे, मनीष साहू ठेकेदार, बद्री प्रसाद टंडन, गुलशन साहू एवं ग्राम पंचायत गिरौदपुरी के युवा पंच प्रतिनिधि बंटी पटेल, ननकी मंडल पटेल, राकेश जायसवाल, पिंटू पैकरा, हरियर दास मानिकपुरी, महेश्वर पटेल, फुलेश्वर पटेल एवं समस्त पंचायत प्रतिनिधि युवा साथीगण, वरिष्ठ सियान, माताए, बहने, शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किये । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जनी नोबल डहरिया उपसरपंच गिरौदपुरी ने किया ।

# सीएमएचओ ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी में मातृत्व स्वास्थ्य के लिए ज़ारी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया साथ ही अस्पताल के अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान प्रसूति कक्ष लेबर रूम, एएनसी कक्ष ओपीडी रजिस्टर, दवा वितरण कक्ष एवं प्रयोगशाला में दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता का बारीकी से निरीक्षण किया गया। डॉ. अवस्थी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित स्टाफ को दिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच, हीमोग्लोबिन स्तर, रक्तचाप, वजन, अल्ट्रासाउंड एवं आवश्यक औषधियों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आई हुए गर्भवती माताओं से चर्चा कर सेवाओं की संतुष्टि पर उनका मत जानने का प्रयास किया। सीएमएचओ ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एवं समय पर परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

- गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और समय पर परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए



# मरदा में धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव विधायक संदीप साहू रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन




कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मरदा में बुधवार को नवयुवा दशहरा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। पूरे ग्राम में उत्सव का उल्लास देखते ही बन रहा था। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दशहरा पर्व मनाया और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप साहू शामिल हुए उनके आगमन पर ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने पटाखे और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

मुख्य अतिथि संदीप साहू ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा उत्सव बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम जी के आशीर्वाद से आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति सदा बनी रहे। मरदा ग्राम की नवयुवा समिति ने जो एकता और सहयोग का परिचय दिया है वह सराहनीय है उन्होंने समिति के सभी ऊर्जावान सदस्यों और ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं । सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां- दशहरा उत्सव के दौरान मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया । मंच संचालन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया कार्यक्रम की सफलता में नवयुवा दशहरा उत्सव समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ पूरे ग्राम मरदा के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## पेज 11 के शेष

### युवक से मारपीट

की घटना करना स्वीकार किया गया। साथ ही आरोपियों से प्रकरण में लूट गए मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। समाचार मिलने तक प्रकरण में आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में पुनीत ध्रुव उम्र 19 साल निवासी, ठनेश्वर कुमार साहू उम्र 18 साल, युगल कुमार वैष्णव उम्र 18 साल, मनोज कुमार साहू उम्र 21 साल एक अपचारी बालक, प्रेम कुमार वैष्णव उम्र 24 साल, सभी आरोपी निवासी ग्राम दतरेंगा के निवासी है।

### अटल परिसर सहित...

जिसमें शासन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता उल्लेखनीय है। सभी नगरवासियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें।

### ट्रक पलटने से

रोड पर रॉंग साइड किनारे में एक कैप्सूल वाहन के पलटने से आम रास्ते के राहगीर जान बचाकर भागे वाहन पलटने से अफरा तफरी मच गई लोग बाल -बाल बच गये, कोई हताहत और जनहानि नहीं हुई। घायल ड्राइवर को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत कसडोल के वार्ड नं 07 के हड़हापारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कसडोल नगर के वार्ड नं 07 हड़हापारा पार्षद भानु प्रताप साहू पहुंचे। जहां स्कूल के प्रधानपाठक सहित शिक्षक ने स्वागत किया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती का वार्ड पार्षद द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद उपस्थित पालकों को सरकार के द्वारा चलाये जा रहें मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के बारे में प्रधान पाठिका हेमिन श्रीवास द्वारा जानकारी दिया गया। इसके बाद पार्षद श्री साहू ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा 20 बिंदुओं में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पालकों को बच्चों की शिक्षा मजबूत करने विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।


साथ ही बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं आत्मसमर्पित रहने आव्हान किया गया। इसके अलावा स्कूल की शिक्षा जांचने मॉनिटरिंग



टीम का गठन किया गया है। जहाँ मॉनिटरिंग टीम में पार्षद भानु प्रताप साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश साहू, कस्तूरबा छात्रावास की अधीक्षिका रीना कटकवार सहित पालकों को टीम में रखा गया है। जहाँ मॉनिटरिंग टीम द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत नौनिहालों से शिक्षा पर सवाल किया। साथ ही स्कूल में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर भी बच्चों से सवाल किया।

### बांसउरकुली स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**गिधौरी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांसउरकुली में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम टीम प्रमुख विद्याभूषण बांसवार प्रधानपाठक शास. प्राथमिक शाला नवापारा की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-हितैषी योजनाओं एवं मध्याह्न भोजन जैसी सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था। कार्यक्रम में अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्यों, शिक्षकों तथा ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यालय प्रमुख विनोद कुमार डडसेना द्वारा वर्षभर की उपलब्धियों एवं खर्चों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। उपस्थित अभिभावकों ने अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। कार्यक्रम में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामुदायिक सहभागिता को विद्यालय विकास का आधार बताते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक विनोद कुमार डड़सेना ने किया ।



# 156 बच्चों को स्टेशनरी सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांडी में 156 बच्चों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें 6 कॉपी, पेन, कंपास बॉक्स , पेंसिल, कलर पेन,स्केच कलर, स्केल, रबर आदि का वितरण किया गया। साथ में जन जागरूकता अभियान के तहत बढ़ते कदम स्वच्छता की ओर और प्लास्टिक से परहेज पर शपथ भी दिलवाया गया। बच्चों के चेहरों में मुस्कान बिखरते हुए सृजन महिला मंडल द्वारा अलग से बच्चों को थैला व चॉकलेट वितरण किया गया। स्टेशनरी प्राप्त कर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ पड़ी ।कार्यक्रम में सृजन महिला मंडल के अध्यक्ष ममता गुप्ता, सचिव स्वाति जैन ,सदस्य तृप्ति चौहान व निमिषा महेश्वरी के हाथों स्टेशनरी का वितरण किया गया ।इस अवसर पर सरपंच सत्यभामा विनोद, पंच दुर्गा वर्मा, रूप राम ध्रुव पंच प्रतिनिधि नंदन ध्रुव, परशुरव व शाला समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वरी वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सागर सिंह ध्रुव, सहायक शिक्षक नंदकुमार बाघमार, कुमुदिनी मानिकपुरी सफाई कर्मी व माध्यमिक विद्यालय के अमरलाल प्रधान पाठक, पुनेश्वर वर्मा सहायक शिक्षक, हेमंत दास, शुभम मिश्रा और ईश्वरी वर्मा भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में सृजन महिला मंडल के अध्यक्ष ममता गुप्ता ने कहा कि बच्चों के बीच आकर मुझे अपना बचपन याद आ गया। बच्चे मन के सच्चे होते हैं, हम उनके पढ़ाई में सहायता देने के लिए यह प्रयास कर रहे हैं और मैं सभी बच्चों से कहना चाहती हूं कि शिक्षा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत व दौलत है। आप अच्छे से शिक्षा ग्रहण कर अपने ग्राम और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। सरपंच सत्यभामा ने इस अनुकरणीय प्रयास के लिए सिर्फ फाउंडेशन ट्रस्ट वह सृजन महिला मंडल को धन्यवाद दिया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती रीना शर्मा पति श्री लक्ष्मण शर्मा, निवासी ईश्वर नगर, गुरूनानक वार्ड, संत माता कर्मा वार्ड, भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) ने श्रीमती राजकुमारी जोतवानी ध.प. आत्माराम जोतवानी से एक जमीन, जिसका खसरा 106/90, रकबा 900 वर्गफुट जो कि मौजा अवरेठी, प.ह.नं. 10, रा.नि.म. भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.), में स्थित है, रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 13.07.2021 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को श्रीमती राजकुमारी जोतवानी ने नरेन्द्र कुमार भोजवानी पिता ईश्वरदास भोजवानी से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 14.11.2019 के तहत क्रय किया था। उक्त रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 14.11.2019 मेरी पक्षकारा से गुम हो चुका है। इस बाबत मेरी पक्षकारा द्वारा दिनांक 08.10.2025 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। अतः किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित मूल रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 14.11.2019 अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफ को सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 14.11.2019 से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरी पक्षकारा अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगी। अस्तु सूचना जाने
दिनांक :- 09.10.2025

अश्विनी सिंह (अधिवक्ता)
वास्ते अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स
ए-207 ऑरेन्ज हाईव, मोवा, रायपुर
(छ.ग), मो. 9302887265




7 करोड़ 50 लाख रूपये के विकास कार्यो एवं 5.00 करोड़ के नगर में बने आडिटोरियम का
लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह
में भाटापारा पधार रहें
मान. उपमुख्यमंत्री
अरूण साव जी
एवं पधारे अतिथितियों का
स्वागत् वंदन् अभिनंदन्
10 अक्टूबर 2025, दोप. 03.00 बजे से...
रामलीला मैदान, भाटापारा
अश्वनी शर्मा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
संवर रहा है भाटापारा...
बदल रहा है भाटापारा...
दिलीप छाबड़िया
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
अटल परिसर
पहले
अब
मोती गार्डन
पहले
अब
नाली सफाई
पहले
अब
नगर पालिका परिसर
पहले
अब
सार्वजनिक शौचालय
पहले
अब
गौधाम मार्ग
पहले
अब

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सायरा खान केस
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
कंट्रोल
शो समय - 6:00 PM
जय सीतला मईया (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# रंगमंच बनेगा समाज की आत्मा को जोड़ने का केंद्र : विधायक इन्द्र

## 5 लाख की लागत से भरतपुर में सतनामी समाज के रंगमंच का भूमिपूजन किए साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम भरतपुर में सतनामी समाज के लिए भव्य रंगमंच निर्माण की भूपिपूजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सतनामी समाज की मांग पर विधायक इन्द्र साव ने 5 लाख की लागत से भव्य रंगमंच निर्माण की स्वीकृति से समाज में हर्षव्याप्त है।

उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा और गांव में शांति व्यवस्था अब खुद करनी होगी क्योंकि पुलिस और आबकारी विभाग से आम लोगों का विश्वास उठ चुका है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंजु धुरव सरपंच, सुशीला टंडन, रूखमणी यादव, रामकुमार धुरव, कमलेश कुर्रे, विजय टंडन, बिंजु बंजारे, मुकेश टंडन, जगमोहन कोसले, भागबली टंडन, पन्नालाल टंडन, रमेश टंडन, दीनबंधु टंडन, राहुल डहरिया, शिवकुमारी ध्रुव पंच, बोधराय भारती, पुहुप राम डहरिया, राकेश टंडन, घनश्याम टंडन, अरूण भारती, मनोज टंडन, विश्राम पात्रे, झाला राम बंजारे, इतवारी डांडे, श्याम कार्तिक, तरूण डहरिया, लछन महिलांगे, रूपदास घोष, रोशन टंडन, बल्दूराम बंजारे, उमेश कुमार टंडन, रेशम लाल टंडन, खिखराम डहरिया, लछन दिनकर, दिलीप डहरिया, दिलीप टंडन, प्रकाश टंडन, संत डहरिया साथी ही ग्रामवासी उपस्थित थे।



### नशा खोर के खिलाफ आगे आने की अपील

भूमिपूजन के अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहां कि किसी भी समाज की पहचान उसकी संस्कृति और उसके कलाकारों से होती है जब हमारे बच्चे हमारे युवा साथी मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे तो यह मंच उनके आत्मविश्वास का केन्द्र बनेगा जो हमारी समाज की आत्मा को जोड़ने का काम करेंगे। साव ने ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते नशा खोरी, अवैध शराब बिक्री एवं असामाजिक गतिविधियों में लगाम लगाने युवा एवं महिलाओं को सामने आने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 35 यूनिट रक्तदान किया

**पलारी।** शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में रक्त मित्र आर्शीवाद ब्लड सेंटर बलौदाबाजार के द्वारा महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के हिमोग्लोबिन, बी.पी., ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिकलीन आदि का जांच किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक शिविर में हिस्सा लिया तथा महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं के द्वारा 35 युनिट रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं हेलमेट वितरण किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.के.उपाध्याय एवं कार्यक्रम अधिकारी कोमल कुमार निर्देशन में कराया गया। जिसमें सहायक प्राध्यापक आत्माराम वर्मा, एल.एन.जलहरे, बिरेन्द्र कुमार, कार्यालयीन स्टाफ में इन्द्रदत्त डहरिया, खेदूराम पटेल, दुजराम पटेल, डेविड सिंह डहरिया, ईशा पाठक, राहुल कन्नौजिया, रूपलाल देवांगन, असमन कुमार बांसरे एवं मेडिकल स्टाफ डॉ.ज्ञानप्रकाश, नर्मदा प्रसाद पटेल, हरिशंकर पटेल, भुनेश्वर, समृद्धि ध्रुव, विद्यार्थी शीला टण्डन, गरिमा जायसवाल, रीना, दीपिका वर्मा, अनुप्रिया, शकुन्तला, लक्ष्मनी, मनोज, योगेश, गैंदराम, अमन, सौरभ, निलेश, रिहान, अमन, शैलेंद्र, दीपिका, यासना, मनोज आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड का जिला स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



सिमगा। भारत स्काउट गाइड का जिला स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आयोजित किया गया। जिसके उद्घाटन सत्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी के साथ डॉ. अजय राव, विजय केशरवानी, महामंत्री योगेश राहुल साहू, सरपंच कमलेश साहू, कार्यालय प्रमुख परस पाटकर एवं प्रशिक्षक के रूप में गुरुजन एवं शिक्षार्थी सम्मिलित रहे।

## निधन

### रिपुसूदन वर्मा



**पलारी।** ग्राम देवसुन्दरा निवासी रिपुसूदन वर्मा 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्ष धाम में किया गया, जंहा बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धांजलि दी है। वे साधुराम वर्मा के पुत्र, विनोद, तोषण, भूपेंद्र वर्मा के भैय्या तथा राहुल, पुष्पेंद्र, अनिल और डाली के पिता है।

पर्व : चलनी की ओट से आज पति का दीदार करेंगी सुहागिन

# सुहागिनों ने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए रखेंगे निर्जला व्रत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

महिलाओं का लोकप्रिय पर्व करवा चौथ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। पर्व-त्योहारों और सांस्कृतिक परंपराओं में करवा चौथ व्रत का विशेष स्थान है। यह पर्व सुहागिन स्त्रियों के समर्पण, आस्था और प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के रिश्ते को अक्षय और पवित्र बनाने वाली परंपराओं में करवा चौथ का विशेष महत्व है।

यह पर्व पूरे भारत देश के कई हिस्सों में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। करवा चौथ केवल एक व्रत या रस्म नहीं, बल्कि भारतीय समाज की उस धरोहर का प्रतीक है जिसमें रिश्तों में त्याग, प्रेम और समर्पण की भावना झलकती है. यह त्योहार परिवार को जोड़ने और रिश्तों में नयी ऊर्जा भरने का अवसर प्रदान करता है। करवा चौथ का पर्व हर साल कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। मान्यता है कि इस व्रत से दांपत्य जीवन में प्रेम और विश्वास और गहरा होता है। इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इसलिए नवविवाहितों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह रहता है।

पूजा का शुभ मुहूर्त- करवा चौथ पूजन को लेकर इस बार लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यज्ञाचार्य पंडित बताते हैं कि हिंदू पंचांग के अनुसार चतुर्थी तिथि 09 अक्टूबर की रात 10:54 बजे से शुरू होकर 10 अक्टूबर की शाम 7:57 बजे तक रहेगी, अर्थात चतुर्थी तिथि के अनुसार करवा चौथ आज 10 अक्टूबर को मनाया जायेगा। पूजन का क शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 55 मिनट से सात बजकर 57 मिनट तक रहेगा। इस दौरान कृत्तिका नक्षत्र रहेगा, चंद्रमा हैं को अर्घ देकर जल ग्रहण कर व्रत खोला जायेगा।

इस दिन सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रमा उदय तक निर्जला उपवास रखती हैं। पूजा के समय मिट्टी या तांबे के करवे (घड़े) का विशेष महत्व होता है। शाम के समय महिलाएं सज-धज कर पूजा-अर्चना करती हैं। करवा चौथ की कथा सुनती हैं और एक-दूसरे को करवा और मिठाई बांटती हैं, रात में चांद का दर्शन कर, छलनी से पति का चेहरा देखकर अर्घ अर्पित किया जाता है और जल ग्रहण कर व्रत खोला जाता है।



### भारतीय संस्कृति का प्रतीक करवा चौथ, प्रेम और समर्पण की झलक देता पर्व

आधुनिक दौर में करवा चौथ का क्रेज- आधुनिक युग में करवा चौथ केवल पारंपरिक व्रत ही नहीं, बल्कि दांपत्य जीवन में उत्सव और रिश्तों को मजबूत बनाने का अवसर बन गया है। अब कई जगह पति भी पत्नी की लंबी आयु और रिश्ते की मजबूती के लिए व्रत रखते हैं। हालांकि यह व्रत विभिन्न समुदायों में अलग-अलग रूप से होता है, पर इसकी लोकप्रियता अब व्यापक हो गयी है। नयी पीढ़ी की महिलाएं भी इसे उत्साहपूर्वक करती हैं। पारंपरिक रूप से यह व्रत सजना-संवरना, सोलह श्रृंगार, महीनों पहले से शॉपिंग, फोटो शूट, सेल्फी और पति से उपहार पाने जैसे आधुनिक रंगों में भी रच-रच-बस गया है।

# जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण युवा खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

रायपुर लोकसभा सांसद माननीय बृजमोहन अग्रवाल के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत हथबंद स्कूल परिसर में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अनंत यादव, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, सिमगा एसडीएम अतुल सेटे, तथा जनपद पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे शामिल हुए। इसके साथ ही शाला समिति अध्यक्ष विधा वर्मा, ग्राम पंचायत हथबंद की सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, सचिव विनोद दास वैष्णव, प्राचार्य सी.के. नायक, उत्तम कुमार विश्वास, शिक्षक योगेश त्रिवेदी, तथा भाजपा नवापारा हथबंद मंडल की पदाधिकारी महामंत्री प्रेमलता वर्मा, मंत्री लिली वर्मा, खेमराम वर्मा ,उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, धनेश्वरी वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, पंच विजय निषाद, मुलचंद टंडन, संतराम ध्रुव, संतोष धर दीवान एवं रूपचंद पाटिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची संपदा है। हथबंद में आयोजित यह खेल महोत्सव ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवन के प्रति प्रेरणा का संदेश लेकर आया।

■ सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

# डीएमसी वर्मा ने किया शालाओं का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा द्वारा बुधवार को विकासखण्ड कसडोल के कार्यालय विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा कसडोल पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट गुरु घासीदास हायर सेकेण्डरी अंग्रेजी माध्यम स्कूल कसडोल एवं कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर बीआरसी कसडोल को समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने संबंधी निर्देश दिया गया है। साथ पीएमश्री विद्यालय के प्राचार्य एवं कस्तूरबा गाधी बालिका आवासीय विद्यालय के अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों के शिक्षा पर विशेष जोर देते हुये समयानुसार पाठ्यक्रम पूर्ण कर शत प्रतिशत रिजल्ट देने कहा गया। उक्त निरीक्षण में जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा के साथ सहायक कार्यक्रम समन्वयक खिलावन वर्मा, बीआरसी कसडोल नीलमणी साहू एवं बीआरपी सविता चंभारे उपस्थित रहीं।

# माठ में आरएसएस ने किया भव्य पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तिल्दा खंड के माठ मंडल द्वारा विगतदिवस विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, माठ के प्रांगण में शाखा लगाकर किया गया।

मुख्य अतिथि सत्यनारायण गुप्ता (संचालक, हरगुन सोलर प्लांट) तथा मुख्य वक्ता त्रिभुवन नारायण (विभाग व्यवस्था प्रमुख, रायपुर) एवं जिला संघचालक देवेन्द्र ठाकुर के मार्गदर्शन में उपस्थित स्वयंसेवकों को प्रेरणादायी विचार प्राप्त हुए।मुख्य वक्ता त्रिभुवन नारायण ने अपने उद्बोधन में संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की दयनीय स्थिति देखकर डॉक्टरी पेशा त्याग दिया और देश सेवा का संकल्प लिया। नागपुर में 17 स्वयंसेवकों के साथ संघ की स्थापना कर उन्होंने समाज में संगठन और एकता का संदेश दिया। उनके बाद गुरुजी माधवराव गोलवलकर ने संघ कार्य को विस्तार देते हुए इसे विशाल संगठन का रूप प्रदान किया।कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने गणवेशधारी अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए भव्य पथ संचलन किया। संचालन के दौरान ग्रामीणों एवं मातृ शक्तियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "जय श्रीराम" के नारों से सम्पूर्ण ग्राम देशभक्ति के उल्लास से गूंज उठा।

# विधायक साहू ने गुरु गद्दी में नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया



बगबुडा। गुरु घासीदास जनकल्याण युवा समिति द्वारा लवन वार्ड नं 14-15 (खम्हरिया बस्ती) में सात दिवसीय परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा गद्दी पूजा आयोजित रखा गया है, जिसमें आज कसडोल विधायक संदीप साहू ने गुरु गद्दी में नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में योगेश बंजारे, गायत्री कैवर्त्य, कमल पटेल, पंकज जायसवाल, सतीश पांडेय, प्रकाश ताम्रकार, अजय बार्वे, महेश कुर्रे, राकेश चतुर्वेदी, अभय तिवारी, थनूँजय कुर्रे, रूपलाल, कैलाश, देवेश संग समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## पोषण माह पर नेवधा में जागरूकता कार्यक्रम ...



**हथबंद।** महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत सेक्टर सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में ग्राम–नेवधा में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में "खाओ–खिलाओ, कुपोषण दूर भगाओ" एवं "मोटापा की रोकथाम" जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों के माता–पिता, किशोरी बालिकाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वोट चोर गद्दी छोड़ कांग्रेस का घर-घर सदस्यता अभियान आज सिमगा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

आज 10 अक्टूबर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ "वोट चोर गद्दी छोड़ो" हस्ताक्षर अभियान के तहत सिमगा नगर पालिका क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क करेंगे। इस अभियान में उनके साथ क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे भी उपस्थित रहेंगी। जांगिड़ सभी बूथ अध्यक्षों से विशेष रूप से मुलाकात करेंगे, अतः सभी बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ केके नायक एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिरेन कोसले ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि सभी कार्यकर्ता सुबह 11 बजे सिमगा पुराना बस स्टैंड स्थित कांग्रेस भवन में एकत्रित हों। उन्होंने बताया कि जांगिड़ के प्रस्थान के उपरांत बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में सिमगा बिजली कार्यालय का घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# रैली और रंगोली प्रतियोगिता से ग्रामीणों में जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




अल्ट्राटेक रावन सीमेंट संयंत्र सीएसआर द्वारा "सेवा पखवाड़ा" का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान सीएसआर के कार्यक्षेत्र के विभिन्न ग्रामों रावन, गूमा, सरसेनी एवं चुचरुंगपुर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी अनेक गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जागरूकता रैली, रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन कार्यक्रम तथा सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को "सेवा ही संगठन" के भाव के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों, महिला स्व-सहायता समूहों, स्वच्छता समिती, प्रशिक्षुओं एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय, तथा टीम के द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा, टोपेष्वर मानिकपुरी, सुनिता निषाद एवं साहिल बंदे का सराहनीय योगदान रहा।

■ महिला स्व-सहायता समूहों, विद्यार्थियों और स्वच्छता समिति की रही सक्रिय भागीदारी

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स मॉल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411